हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
5 अप्रैल 2023, चैत्र शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी/पूर्णिमा, विक्रम संवत् 2080, बरेली

Page No. 06 : Top

एसआरएमएस स्टेडियम में मंगलवार को शॉट मारता खिलाड़ी।

गंगाशील एकेडमी और एयरफोर्स ने जीते मैच

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को गंगाशील एकेडमी ने रोमांचक मैच में 22 याडर्स को 12 रन से हराया। जबकि एयर फोर्स ने 9 विकेट से आईके कलेक्शन को पराजित किया।

एसआरएमएस स्टेडियम में गंगाशील अकादमी ने बीस ओवर में सात विकेट खोकर 135 रन बनाये। 22 याडर्स का पहला विकेट गिरने के बाद कप्तान रिजवान ने एक छोर संभाला। 16वें ओवर में रिजवान 6 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 37 रन पर 63 रन की पारी खेल आउट हो गए। अंतिम तीन बल्लेबाज 24 गेंदों पर 17 रन नहीं बना पाए। नीरज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में आईके कलेक्शन की पूरी टीम 19.5 ओवर में सौ रन बना पाई। एयर फोर्स ने 7.1 ओवर में टीम को जीत दिला दी। अन्नू ने 25 गेंदों पर 72 रन की नाबाद पारी खेली। इसमें उन्होंने 6 छक्के और 7 चौके लगाए। दूसरी तरफ साहिल 14 गेंदों पर 25 रन बना कर नाबाद रहे। अन्नू को मैन आफ द मैच चुना गया। इस दौरान क्रिकेटप्रेमी मौजूद रहे।